Date :- 30-04-2025
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट

# नई लाइफलाइन...अगले साल से सूरती मेट्रो की सवारी कर सकेंगे



**सूरत** मेट्रो परियोजना के अंतर्गत लाइन 1 के पहले चरण में कादरशाह की नाल से ड्रीम सिटी तक 11 किमी लंबा एलिवेटेड प्रायोरिटी कॉरिडोर बनाया जा रहा है। यह कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है और जून 2025 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। इस मार्ग में कुल सात किलोमीटर ट्रैक पहले ही बिछाया जा चुका है और ड्रीम सिटी में मेट्रो डिपो का निर्माण भी लगभग अंतिम चरण में है। यह प्रोजेक्ट शहरी यातायात में सुधार के साथ लोगों को सस्ता, तेज और पर्यावरण अनुकूल परिवहन का विकल्प प्रदान करेगा। मेट्रो लाइन से लाखों यात्रियों को रोजाना फायदा होगा और शहर के अंदर यातायात दबाव में भी कमी आएगी। भविष्य में इस नेटवर्क को शहर के बाहरी इलाकों तक विस्तार दिया जाएगा।